न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, डूँगरपुर (राजस्थान)

प्रकरण संख्या 24 / 2023 दायर दिनांकः– 07.08.2023

जीसीएमएस नम्बर. 2023 / 85 निर्णय दिनांकः– 17.05.2024

1. सरकार भूमिधारी तहसीलदार आसपुर जिला डूँगरपुर प्रार्थी

बनाम

2. श्री मणीलाल पिता श्री लालु मीणा निवासी मुंगेणा तहसील आसपुर

विपक्षी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत राजस्थान भू राजस्व (कृषि प्रयोजनार्थ भूमि का आवंटन) नियम 1970 के नियम 14(4)

अधिवक्ता प्रार्थी की ओर से :– राजकीय पेरोकार

अधिवक्ता विपक्षी की ओर से:– स्वयं

प्रकरण का संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी तहसीलदार आसपुर की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू राजस्व (कृषि प्रयोजनार्थ भूमि का आवंटन) नियम 1970 के नियम 14(4) अन्तर्गत प्रस्तुत करते हुए विपक्षी के नाम मौझा मुंगेणा के खसरा नम्बर 4118 / 3487 रकबा 0.1618 हैक्टेयर भूमि विपक्षी को जरिये आदेश संख्या 726 / 2013 दिनांक 26.06.2013 से किये गये आवंटन को 9 वर्ष व्यतीत होने पर भी आवंटन की शर्तो की पालना एवं मौके पर कब्जा प्राप्त नही कर आवंटी द्वारा आवंटन नियम 14(3) का उल्लंघन करने से विपक्षी को किया गया आवंटन निरस्त करने निवेदन किया गया ।

प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षी को जरिये नोटिस वास्ते जवाबदेही तलब किया गया। विपक्षी ने उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए

निवेदन किया की आवंटित भूमि उसके हक में नही होकर काबिज काश्त नही होने से आवंटन खारिज किया जाने निवेदन किया।

पेरोकार सरकार को सुना गया । पेरोकार सरकार ने प्रार्थी तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों के क्रम में कथन किया कि प्रार्थी द्वारा आवंटन नियम 14(3) का स्पष्टरूपेण उल्लंघन किया गया है जिसके क्रम में राजस्व रेकॉर्ड की प्रतियॉ प्रस्तुत की है जिस अनुसार आवंटन निरस्त योग्य है। विपक्षीगण ने भी आवंटन को निरस्त करने में कोई आपत्ति नही होना जाहिर किया है।

अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है तथा विपक्षीगण को आवंटित भूमि मौजा मुंगेणा के खसरा नम्बर 4118/3487 रकबा 0.1618 हैक्टेयर का आवंटन निरस्त किया जाता है। तहसीलदार आसपुर उक्त भूमि को पूर्ववत बिलानाम दर्ज रेकार्ड करे।

निर्णय आज दिनांक 17.05.2024 को खुले न्यायालय में घोषित किया । निर्णय अनुसार पालना हेतु तहसीलदार आसपुर को लिखा जावे। पत्रावली फैसल में शुमार हो नम्बर से कम की जावे।

(कुलराज मीणा)
अतिरिक्त जिला कलक्टर
डूॅगरपुर